# संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, व्यावसायिक परिसर
द्वितीय तल, सेक्टर-27, नवा रायपुर, अटल नगर (छत्तीसगढ़)
E-mail :www.sanskriti rajbhasha@gmail.com in. Webside:www.cgculture.in phone no: 0771-2995629 (0)

क्रमांक 6363/ संस्कृति एवं राजभाषा / निविदा / 2025 रायपुर, दिनांक 09/06/2025

## निविदा संक्षिप्त सूचना

संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा द्वारा दो वर्ष के लिए आयोजित होने वाले विविध आयोजन के लिए इच्छुक स्थानीय अनुभवी प्रतिष्ठित टेन्ट / लाईट / साउण्ड / खानपान प्रदायक / छायाकार / विडियोग्राफर / फूल सज्जा / फेब्रिक व्यवस्था हेतु निविदाकर्ताओं के एम्पैनलमेंट हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है ।

संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा रायपुर से कार्य हेतु राशि रू. 2000/- जमा कर आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है। तिथियां निम्न है:-

| क्र. | निविदा विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | दस्तावेज क्रय करने की अंतिम तिथि | 14.07.2025 समय सायं 5.00 बजे तक |
| 2 | प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि | 15.07.2025 समय सायं 5.00 बजे तक |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि (तकनीकी प्रस्ताव एवं वित्तीय प्रस्ताव ) | 16.07.2025 समय 12.00 बजे |

उपरोक्तानुसार निविदा प्रक्रिया मुहरबंद लिफाफा में आमंत्रित की जाती है । विस्तृत जानकारी कार्यालय संचालनालय, संस्कृति एवं राजभाषा, रायपुर के वेबसाईट www.cgculture.in में भी देखा जा सकता है।

संचालक
संस्कृति एवं राजभाषा

G-252601466/2

Scanned with OKEN Scanner

# Request for Empanelment

## संचालनालय, संस्कृति एवं राजभाषा, रायपुर (छ.ग.) द्वारा विविध सांस्कृतिक आयोजन हेतु निविदाकर्ताओं के एम्पैनलमेंट हेतु अनुरोध

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि : .........2024 सायं 5:00 बजे

निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि : .........2024 सायं 5:00 बजे
(केवल पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट सर्विस द्वारा)

---


**संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा**
**छत्तीसगढ़, रायपुर**
दूरभाष: 0771–2995629,
ई–मेल: sanskriti.rajbhasha@gmail.com, website: www.cgculture.in




अनुभाग अधिकारी
संस्कृति विभाग, मंत्रालय,
महानदी भवन, अटल नगर,
जिला-रायपुर (छ.ग.)

# डिस्क्लेमर (Disclaimer)

---

1. इस Request for Empanelment (RFE) दस्तावेज के द्वारा संचालनालय, संस्कृति एवं राजभाषा, छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदान की जा रही सूचना, हर निविदाकर्ता को इस दस्तावेज में निर्दिष्ट शर्तों और परिस्थितियों के तथा ऐसे अन्य शर्तों और परिस्थितियों के अनुरूप उपलब्ध कराया जा रहा है, जिनसे यह सूचना संबंधित है।
2. यह RFE कोई अनुबंध नहीं है और संचालनालय, संस्कृति एवं राजभाषा द्वारा संभावित निविदाकर्ताओं या किसी अन्य व्यक्ति को कोई प्रस्ताव नहीं है। इस RFE का उद्देश्य इच्छुक पक्षों को ऐसी जानकारी प्रदान करना है जो इस RFE के अंतर्गत उनके प्रस्तावों को तैयार करने में उपयोगी हो सकती है। इस RFE में विभिन्न धारणाओं और आकलनों को शामिल किया गया है, जो संचालनालय, संस्कृति एवं राजभाषा द्वारा तैयार किये गये हैं। ऐसी धारणाएं, आकलन और वक्तव्य यह दावा नहीं करते कि यह सभी जानकारी प्रदान करते हैं जो प्रत्येक निविदाकर्ताओं की आवश्यकता हो सकती है। यह RFE सभी व्यक्तिओं के लिये उपयुक्त नहीं हो सकता है, और संचालनालय, संस्कृति एवं राजभाषा, उसके कर्मचारी या सलाहकार इस RFE को पढ़ने या उपयोग करने वाले प्रत्येक पक्ष के उद्देश्यों, तकनीकी विशेषज्ञताओं और विशेष आवश्यकताओं पर विचार नही कर सकते। इस RFE में शामिल धारणाएँ, आकलन, वक्तव्य और जानकारी पूर्ण, सटीक, पर्याप्त या सही नहीं हो सकते। इसलिए, प्रत्येक निविदाकर्ता को अपनी स्वयं की जांच और विश्लेषण करनी चाहिए और इस RFE में शामिल धारणाओं, आकलनों और जानकारी की सटीकता, पर्याप्तता, शुद्धता, विश्वसनीयता और पूर्णता की जांच करनी चाहिए और उचित स्त्रोतों से स्वतंत्र परामर्श प्राप्त करनी चाहिए।
3. संचालनालय, संस्कृति एवं राजभाषा अपने विभागीय बेबसाइट में प्रकाशित करके Request for Empanelment को अपडेट, संशोधित, प्रतिपूरित कर सकता है। ऐसी सूचनाएं को जो इस दस्तावेज में दी गयी है, उसके लिए संस्कृति विभाग को पूर्ण स्वतंत्रता होगी तथा इस दिशा में किसी के भी प्रति विभाग का उत्तरदायित्व नही रहेगा।
4. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

अनुभाग अधिकारी
संस्कृति विभाग, मंत्रालय,
महानदी भवन, अटल नगर,
जिला-रायपुर (छ.ग.)

# संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा
# छत्तीसगढ़, रायपुर

**संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा, रायपुर (छ.ग.) द्वारा विविध सांस्कृतिक आयोज हेतु सेवा प्रदायदाताओं के एम्पैनलमेंट हेतु अनुरोध।**

संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा द्वारा दो वर्ष के लिए प्रतिष्ठित अस्थाय अधोसंरचना निविदाकर्ताओं (टेन्ट/ लाईट/ साउण्ड /खानपान प्रदायक/ फोटोग्राफर/ वीडियोग्राफर/ फूल सज्जा/ फेब्रिकेशन/ एल.ई.डी. स्क्रीन व्यवस्था आदि) से एम्पैनलमेंट हे प्रस्ताव आमंत्रित है।

निविदाकर्ताओं से अपेक्षा होगी कि वह सांस्कृतिक आयोजनों, प्रदर्शनों, सम्मेलन सभाओं और अन्य प्रसारण गतिविधियों के लिये, जो राज्य के अंदर तथा बाहर अन्य स्थानों प आयोजित किये जा सकते हैं, के लिये अवधारणा का निर्माण, आकल्पन, पर्यवेक्षण, कार्यपाल एवं अस्थायी अधोसरंचना प्रदाय करेंगे।

RFE दस्तावेज संचालक, संस्कृति एवं राजभाषा, नवा रायपुर के नाम से राशि र 2000/– का भुगतान कर कार्यालय संचालनालय, संस्कृति एवं राजभाषा, नवा रायपुर से क किया जा सकता है। पृथक–पृथक कार्यो के लिए पृथक–पृथक प्रस्ताव जमा किया जाना होग एवं प्रत्येक प्रस्ताव हेतु RFE दस्तावेज राशि रू. 2000/– का भुगतान कर प्राप्त करना होगा निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि .................को सायं ........... बजे तक होगा।

तकनीकी निविदा और वित्तीय निविदा अलग–अलग दो भिन्न सीलबंद लिफाफों में प्रस्तुत करनी होगी। सभी तरह से परिपूर्ण आवेदन पत्रों को एक सीलबंद लिफाफे में भरक संचालक, संस्कृति एवं राजभाषा, द्वितीय तल, व्यावासायिक परिसर, सेक्टर–27, नवागांव, परसत्त अटल नगर, नवा रायपुर, फोन नं. 0771–2995629, फैक्स नं. 0771–2995629, ईमे sanskriti.rajbhasha@gmail.com, के पास दिनांक .................2024 को सायं 5:00 बजे तक केव रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से जमा करना अनिवार्य है। इसके बाद प्राप्त आवेदनों को स्वीक नहीं किया जाएगा। सीलबंद लिफाफे पर "विविध सांस्कृतिक आयोजनों हेतु दो वर्ष व एम्पैनलमेंट" लिखकर जमा किया जाए।

<u>**टीपः–**</u> यदि तकनीकी निविदा और वित्तीय निविदा को अलग–अलग लिफाफों में जमा न किया जाता है तो संबंधित निविदाकार की निविदा में प्रतिभागिता को पूर्णतः निरस्त कर दि जाएगा।

अनुभाग अधिकारी
संस्कृति विभाग, मंत्रालय,
महानदी भवन, अटल नगर,
जिला-रायपुर (छ.ग.)



Scanned with OKEN Scanner

* फूल सज्जा एवं फेब्रिक कार्यों हेतु – न्यूनतम टर्नओवर तीन वर्षों का औसत रूपये 1 लाख

iii. टर्नओवर की राशि का चार्टेड एकाउंटेड द्वारा प्रमाणित वर्णित तुलना पत्र में देयक विवरणी में उल्लेख होना आवश्यक है। यदि यह टर्नओवर वर्णित उक्त पत्र में न दर्शाया गया हो तो इस संबंध में चार्टेड एकाउंटेट द्वारा इस विषय में प्रमाण–पत्र जो निविदाकार के नाम से जारी किया गया हो, संलग्न कर प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

iv. आवश्यकतानुरूप निविदाकार को सेवा शुल्क (GST) हेतु पंजीयन भी अनिवार्य होगा तथा उन्हें इस संबंध में आवश्यक प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा।

v. फर्म का संबंधित कार्यों का जीवित लाइसेंस/अनुज्ञप्ति/पजीयन, टिन नंबर, पेन नंबर, राष्ट्रीयकृत बैंक में संबंधित फर्म का खाता होना अनिवार्य है।

vi. निविदाकर्ताओं को निविदा के साथ निम्नानुसार धरोहर राशि जमा करना होगा :–

* टेंट/किराया भंडार संबंधी कार्यों हेतु – धरोहर राशि रूपये 5 लाख
* विद्युत (पंडाल तथा मंचीय विद्युत) व्यवस्था हेतु – धरोहर राशि रूपये 1 लाख
* ध्वनि व्यवस्था हेतु – धरोहर राशि रूपये 1 लाख
* फोटोग्राफी/विडियोग्राफी संबंधी कार्यों हेतु – धरोहर राशि रूपये 50 हजार
* खानपान व्यवस्था हेतु – धरोहर राशि रूपये 1 लाख
* फूल सज्जा एवं फेब्रिक कार्यों हेतु – धरोहर राशि रूपये 20 हजार

vii. पृथक–पृथक कार्यो के लिए पृथक–पृथक प्रस्ताव एवं धरोहर राशि **संचालक, संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा, रायपुर** के नाम देय एफ.डी.आर. जो राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक का हो, के रूप में जमा करना होगा। धरोहर राशि को **प्रथम लिफाफा** में रखकर सीलबंद कर लिफाफे के ऊपर **धरोहर राशि (एफ.डी.आर.)**, तथा कार्य का क्षेत्र *(जिसके लिए निविदा जमा की जा रही है)*, लिखकर जमा किया जाना होगा। जिन निविदाओं के साथ धरोहर राशि संलग्न नहीं होगी उन्हें आरंभ से ही अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

viii. **द्वतीय लिफाफे** में तकनीकी निविदा जिसमें तकनीकी जानकारी का **प्रपत्र–क** के प्रारूप में विवरण अंकित करते हुये तथा उसके समर्थन में संबंधित स्व–सत्यापित दस्तावेज संलग्न करना होगा। तकनीकी लिफाफे के ऊपर **"तकनीकी निविदा"** एवं निविदाकार का नाम लिखा जाना एवं सीलबंद किया जाना अनिवार्य है।

ix. **तृतीय लिफाफे** में वित्तीय निविदा जिसमें इसके लिए उपलब्ध कराये गये प्रोफार्मा **प्रपत्र–ख** के प्रारूप में पूर्ण रूप से भरा गया हो, को एजेंसी के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के द्वारा हस्ताक्षर तथा मुहर के साथ अलग लिफाफे में भरकर जमा करना होगा।



अनुभाग अधिकारी
संस्कृति विभाग, मंत्रालय,
महानदी भवन, अटल नगर,
जिला-रायपुर (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

करारनामें में हस्ताक्षर पश्चात् ये तय हो जाएगा कि निविदाकर्ता विभाग द्वारा दिये गये सभी शर्तों को मान्य करते हुए विभाग द्वारा समय–समय पर दिये गये कार्यादेश को तत्परता से पूर्ण करेगा।

14. करारनामें को समझने, तात्पर्य और नियत नियमन व शर्त/प्रावधानों का किसी भी पक्षकार की ओर से उल्लघंन का निर्धारण अथवा पक्षकारों के मध्य विवाद की स्थिति में संचालक, संस्कृति एवं राजभाषा का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

15. निविदाकर्ता का किसी भी विभाग से काली सूची में नाम दर्ज नहीं होना चाहिए। इस हेतु निविदाकर्ता द्वारा पचास रूपए का नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर शपथ पत्र देना होगा। शपथ पत्र असत्य पाए जाने पर निविदा निरस्त किया जाएगा तथा निविदाकर्ता को विभाग की काली सूची में दर्ज कर दिया जाएगा।

16. निविदाकर्ता को अपना देयक, संबंधित आयोजन के सम्पन्न होने के सात दिवस की समयावधि के भीतर भुगतान हेतु विभाग में जमा करना होगा। निविदाकर्ता को किसी भी कार्य का अग्रिम प्रदाय नही किया जायेगा। संबंधित आयोजन के सफलतापूर्ण संपन्न होने पर विभाग द्वारा पूर्ण देय राशि का भुगतान किया जाएगा।

17. छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी अन्य नियम और शर्तें भी इस RFE का हिस्सा होगी तथा इसका भी पालन करना निविदाकर्ता के लिए बाध्यता होगी।

18. RFE में किसी तरह का परिवर्तन/सुझाव यदि बाद में सम्मिलित होना है तो उसे विभाग द्वारा अपने वेबसाईट के माध्यम से संसूचित किया जाएगा।

19. पूर्णरूप से भरे गए निविदा प्रपत्र के तीनों मुहरबंद लिफाफो को चौथे लिफाफे में डालकर मुहरबंद कर **"संचालक, संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा, द्वितीय तल, व्यावसायिक परिसर, सेक्टर–27, नवागांव, परसत्ती, अटल नगर, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़"** के नाम में प्रेषित करना होगा जो दिनांक .............2024 को सायं 5:00 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से स्वीकार किये. जायेंगे। इस तिथि एवं समय के पश्चात कोई निविदा प्रपत्र स्वीकार नहीं की जायेगी। लिफाफे पर निविदाकर्ता को अपना नाम तथा **"विविध सांस्कृतिक आयोजनों हेतु एम्पैनलमेंट"** लिखा होना जरूरी होगा।

**20.** तकनीकी प्रस्ताव में सफल निविदाकर्ताओं को ही प्रस्तुति हेतु आमंत्रित किया जाएगा। तकनीकी प्रस्ताव को निम्नलिखित बिंदुओं में से 100 अंक के आधार पर समिति द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा। मूल्यांकन में न्यूनतम 60 अंक पाने वाले निविदाकर्ता का ही वित्तीय प्रस्ताव खोला जायेगा। निविदाकर्ता को किसी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त होने पर संचालक, संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा, निर्धारित शर्तों में छूट दे सकेगा।



अनुभाग अधिकारी
संस्कृति विभाग, मंत्रालय,
महानदी भवन, अटल नगर
जिला-रायपुर (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

## प्रपत्र (क)

## तकनीकी निविदा प्रपत्र प्रारूप

**टीपः–**

*1. निम्नानुसार वांछित विवरण प्रस्तुत करें। इनके लिए प्रपत्र के प्रारूप में एवं आवश्यकता अनुसार एनेक्सर संलग्न कर प्रस्तुत करें।*

*2. सभी पृष्ठ तथा अनुलग्नक अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा मुहर सहित हस्ताक्षरित होने चाहिए।*

*3. जो संबंधित न हो उसे काट दें।*

*4. प्रमाण के रूप में संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करें।*

(1) निविदाकार का नाम और पता, टेलीफोन, फैक्स, ई–मेल विवरण :–

(2) निविदाकार की शाखाओं का विवरण (कृपया पता, टेलीफोन आदि विवरण संलग्न करें):–

(3) क्या आप निविदाकार प्रोप्राइटरशिप/पार्टनरशिप या कंपनीज एक्त के अंतर्गत पंजीकृत फर्म है? (कृपया विवरण दें और प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें):–

(4) आयकर एवं जी.एस.टी. के पंजीयन का विवरण। पंजीयन प्रमाणपत्र की स्वप्रमाणित प्रति तथा नवीनतम आयकर विवरणी संलग्न करें :–

(5) कर्मचारियों और अधोसंरचना का विवरण :–

(6) व्यावसायिक सेटअप (पूरे कर्मचारियों, डिजाइनर तथा अन्य का विवरण प्रदान करें) सूची संलग्न करें (विशेष तकनीकी क्षमता प्राप्त व्यक्तियों के नाम पृथक सूची बनाकर प्रदान करें)

(7) निविदाकार के वेबसाईट का विवरण। (यदि हो तो) :–

(8) पिछले 03 वर्षों का टर्नओव्हर। (सी.ए. का प्रमाण पत्र संलग्न करें) :–

(9) सांस्कृतिक आयोजन कार्य का पूर्ण अनुभव क्षेत्र। (अनुभव का क्षेत्र और वर्ष का विवरण उपलब्ध करायें) :–

(10) पिछले 05 वर्षों में आयोजित किए गए उल्लेखनीय कार्यक्रमों की सूची एवं संक्षिप्त विवरण। (कार्य आदेश संलग्न करें) :–

(11) पिछले 05 वर्षों में शासकीय क्षेत्रों में किए गए तत्सम कार्यों की सूची एवं संक्षिप्त विवरण। (कार्य आदेश संलग्न करें) :–

(12) अन्य सूचना यदि कोई हो तो :–

**(अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता मुहर सहित हस्ताक्षर)**

अनुभाग अधिकारी
संस्कृति विभाग, मंत्रालय,
महानदी भवन, अटल नगर
जिला-रायपुर (छ.ग.)



Scanned with OKEN Scanner

<u>प्रपत्र (ख)</u>

<u>वित्तीय निविदा प्रपत्र</u>

1. कार्य का क्षेत्र.............................................................................
2. निविदाकार का नाम ..............................................................
3. पता .......................................................................................
.............................................................................................
4. निविदा दर अंको में ....... प्रतिशत ............. (अधिक), शब्दों में ......................................................
...............................................................(अधिक)

टीपः—

1. निम्नानुसार वांछित विवरण प्रस्तुत करें। इनके लिए प्रपत्र के प्रारूप में एवं आवष्यकता अनुसार एनेक्सर संलग्न कर प्रस्तुत करें।
2. सभी पृष्ठ तथा अनुलग्नक अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा मुहर सहित हस्ताक्षरित होने चाहिए।
3. जो संबंधित न हो उसे काट दें।
4. चूंकि निविदाकार को एकमुश्त दर (सामग्री की पूर्ण सूची सहित) देना है अतः आयोजन विशेष में लगने वाली प्रस्तावित सामग्री की मात्रा पर्याप्त होनी चाहिये, अतिरिक्त सानग्री लगने पर अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जायेगा।
5. मूल दर से कम की निविदा दर अमान्य होगी एवं संबंधित निविदाकर्ता का प्रस्ताव निरस्त किया जाएगा।

(निविदाकर्ता का हस्ताक्षर एवं सील)

अनुभाग अधिकारी
संस्कृति विभाग, मंत्रालय,
महानदी भवन, अटल नगर,
जिला-रायपुर (छ.ग.)